प्रेषक,

मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0
लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी
जनपद– जौनपुर

पत्रांकःएस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/2019–20/एस0एस0 भ्रमण–जौनपुर /123 दिनांकः 22/4/2020

विषय– सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दल द्वारा दिनांक 17.2.2020 से 20.2.2020 के अन्तर्गत भ्रमण किये गये इकाईयों/कार्यक्रमो के चिन्हित बिन्दुओं पर सुधारात्मक कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि **राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 17.2.2020 से 20.2.2020 तक आपके जनपद में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया** एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों /कार्यक्रमों का क्षेत्रीय सत्यापन तथा गुणवत्ता का भी आंकलन किया गया।

तत्क्रम में आपसे अनुरोध है कि टीम द्वारा प्रस्तुत भ्रमण आख्या में इंगित गतिविधिवार/कार्यक्रमवार अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए इंगित बिन्दुओं पर सम्बन्धित स्तर से समयबद्व निष्पादन कराते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें जिससे आगामी भ्रमण के समय भ्रमण दल द्वारा कार्यक्रम/सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के उच्चीकरण के सम्बन्ध में आगामी रणनीति/कार्ययोजना तैयार की जा सके।

संलग्नक– भ्रमण की हस्ताक्षरित रिर्पोट

भवदीय,

(विजय विश्वास पन्त)
मिशन निदेशक

पत्रांकःएस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/2019–20/एस0एस0भ्रमण– जौनपुर/ तद्दिनांक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति/जिलाधिकारी, जौनपुर ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं0 प0क0, वाराणसी को स्वयं के स्तर सें आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. सम्बन्धित महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0, वाराणसी।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0, जौनपुर।

(डा0 अशोक कुमार पालीवाल)
राज्य कार्यक्रम प्रबन्धक

Scanned by CamScanner

प्रेषक,

मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0
लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी
जनपद– जौनपुर

पत्रांकःएस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/2019–20/एस0एस0 भ्रमण–जौनपुर / दिनांकः 22/4/2020

विषय– सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दल द्वारा दिनांक 17.2.2020 से 20.2.2020 के अन्तर्गत भ्रमण किये गये इकाईयों/कार्यक्रमो के चिन्हित बिन्दुओं पर सुधारात्मक कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि **राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 17.2.2020 से 20.2.2020 तक आपके जनपद में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया** एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों /कार्यक्रमों का क्षेत्रीय सत्यापन तथा गुणवत्ता का भी आंकलन किया गया।

तत्क्रम में आपसे अनुरोध है कि टीम द्वारा प्रस्तुत भ्रमण आख्या में इंगित गतिविधिवार/कार्यक्रमवार अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए इंगित बिन्दुओं पर सम्बन्धित स्तर से समयबद्व निष्पादन कराते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें जिससे आगामी भ्रमण के समय भ्रमण दल द्वारा कार्यक्रम/सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के उच्चीकरण के सम्बन्ध में आगामी रणनीति/कार्ययोजना तैयार की जा सके।

संलग्नक– भ्रमण की हस्ताक्षरित रिर्पोट

भवदीय,

(विजय विश्वास पन्त)
मिशन निदेशक

123-5

पत्रांकःएस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/2019–20/एस0एस0भ्रमण– जौनपुर/ तद्दिनांक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति/जिलाधिकारी, जौनपुर ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं0 प0क0, वाराणसी को स्वयं के स्तर सें आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. सम्बन्धित महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0, वाराणसी।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0, जौनपुर।

19/03/2020

(डा0 अशोक कुमार पालीवाल)
राज्य कार्यक्रम प्रबन्धक

Scanned by CamScanner

सहयोगात्मक पर्यवेक्षण जनपद–जौनपुर
दिनांक–17.02.2020 से 20.02.2020

अवगत कराना है कि मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 के पत्रांक एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./एम.एण्ड.ई/2018–19/**18/3883–2 दिनांक 30.07.2019** में प्रदत्त निर्देशानुक्रम में दिनांक 17.02.2020 से 20.02.2020 तक जनपद– जौनपुर में किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण का फीड बैक निम्नवत है–

(सारांश–आख्या)

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, केराकत

- चिकित्सा इकाई में साफ–सफाई की कमी पायी गयी।
- शौचालय अत्यन्त गंदी अथवा दयनीय अवस्था में पाया गया।
- जे0एस0वाई0 रजिस्टर मानकानुसार नहीं पाया गया तथा लाभार्थियों का भुगतान लम्बित है।
- विगत कई महीनों से ए0एन0सी0 रजिस्टर तथा बी0एच0टी0/केस शीट उपलब्ध नहीं है।
- एच0आर0पी0 हेतु रजिस्टर नहीं बनाया गया है।
- इकाई पर ए0एन0सी0 के दौरान आवश्यक जाचें नहीं की जा रही हैं।
- ए0एन0सी0 हेतु कोई भी Source Document उपलब्ध नही है।
- एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर अपलोड किये जाने वाले आकड़ों का सत्यापन सुचारू रूप से नहीं है तथा वैलिडेशन कमेटी की बैठक में विस्तृत चर्चा भी नहीं की जा रही है।

यू0एच0एन0डी0– मातापुर, धोबियाना गली

- समय से टीके लगवाने पर पूर्ण प्रतिरक्षित होने के उपरान्त अभिभावकों को Immunization Certificate दिया जा रहा है।
- एम0सी0पी0 कार्ड तथा बुलावा पर्ची का काउन्टर फॉयल का प्रबंधन ए0एन0एम0/आशा द्वारा नहीं किया जा रहा है।

यू0पी0एच0सी0 – मातापुर

- यू0पी0एच0सी0 पर कोई भी साइनेज तथा बोर्ड उपलब्ध नहीं था।
- अर्बन क्षेत्रों में आयोजित सत्रों पर ए0एन0एम0 द्वारा नीडल्स को मानकानुसार निष्पादन नहीं किया जा रहा है। संज्ञान में आया है कि कटी हुई सुईयों को अर्बन क्षेत्रों के कचड़ों में फेंका जा रहा है, जिस पर आपत्ति व्यक्त की गई तथा बी0एम0डब्ल्यू0 हेतु दिये गये पंचर प्रूफ डिब्बों का इस्तेमाल का सुझाव दिया गया।

वी0एच0एन0डी0– नेवादा,

- सत्र पर ए0एन0एम0 के पास वी0एच0एन0डी0 से संबंधित अभिलेख/रजिस्टर तथा अधिकांश सामग्रियां उपलब्ध नहीं थीं।
- सत्र पर ए0एन0एम0 द्वारा वी0एच0एन0डी0 के आयोजन में किये जा रहे लापरवाही पर आपत्ति व्यक्त की गई।
- सुपरवाइजर द्वारा सत्र सुपरविजन के दौरान की जा रही लापरवाही पर आपत्ति व्यक्त की गई। ब्लाक के समस्त सुपरवाइजरों को सुपरविजन हेतु अभिमुखीकरण कराये जाने का सुझाव दिया गया।

जिला महिला चिकित्सालय, जौनपुर

- जिला महिला चिकित्सालय परिसर में नवनिर्मित MCH WING में चिकित्सालय के प्रसव कक्ष का स्थानान्तरण विगत कई माह से लंबित है।
- प्रसव कक्ष में निर्धारित प्रसव रजिस्टर उपलब्ध नहीं था।
- टीकाकरण कक्ष में टीकाकरण हेतु आये समस्त लाभार्थियों से रू0 20/– शुल्क अवैध रूप से लिया जा रहा था तथा एच0आई0वी0 जांच केन्द्र पर एच0आई0वी0 जांच के लिए रू0 20/– शुल्क अवैध रूप से लिया जा रहा था। हेल्प डेस्क मैनेजर द्वारा पीड़ित लाभार्थी का लिखित शिकायत भी दर्ज की गयी, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा उचित कार्यवाही अपेक्षित है।

Scanned by CamScanner

(विस्तृत–आख्या)

अवलोकित बिन्दु	सुझाव/अपेक्षित कार्यवाही	जिम्मेदार व्यक्ति
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, केराकत (एफ0आर0यू0)		
• चिकित्सा इकाई में साफ–सफाई की कमी पायी गयी। • पीने के पानी हेतु वाटर कूलर के साफ सफाई का अभाव तथा आर0 ओ0 खराब पाया। • परिसर के अनेक कमरों में कंडम योग्य सामग्रियों का भंडारण। • चिकित्सा इकाई में BMW वाहन 2–3 दिन के अन्तर पर ।	चिकित्सा इकाई में साफ–सफाई, आर0ओ0 सही कराने तथा पीने के स्वच्छ पानी की व्यवस्था किये जाने का सुझाव दिया गया।	प्रभारी चिकित्साधिकारी /बी0पी0एम0
• चिकित्सा इकाई में स्वास्थ्य से संबन्धित प्रचार–प्रसार में कमी पायी गयी।	परिसर में आई0ई0सी0 सामग्री लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।	प्रभारी चिकित्साधिकारी /बी0पी0एम0
• चिकित्सा इकाई का औसत प्रसव भार 150 + प्रतिमाह है, • 31उपकेन्द्र के सापेक्ष 1 उपकेन्द रिक्त है। • प्रसव पश्चात प्रसूताओं को 48 घंटे से पूर्व भी डिस्चार्ज किया जा रहा है। • जे0एस0वाई0 रजिस्टर मानकानुसार नहीं पाया गया तथा अप्रैल–जनवरी 1584 केसों के सापेक्ष 1438 केसों का भुगतान किया जा चुका है तथा 146 केसों का भुगतान लम्बित है। वर्ष 2018–19 के 84 केसों का भुगतान लम्बित है। • डाइट हेतु जनपद स्तर से टेण्डर किया गया है तथा सेवा प्रदाता द्वारा आगामी दिवसों में सेवा दिया जाना अपेक्षित है। • जे0एस0वाई0 वार्ड में शौचालय नहीं है एवं समीप के शौचालय अत्यन्त गंदी अवस्था में पाया गया तथा पानी की व्यवस्था भी बाधित थी। • चिकित्सा इकाई में विगत कई महीनों से ए0एन0सी0 रजिस्टर तथा बी0एच0टी0/केस शीट उपलब्ध नहीं है। एच0आर0पी0 हेतु रजिस्टर नहीं बनाया जा रहा है। • इकाई पर 3 मेडिकल आफिसर, 1 गायनोकोलाजिस्ट उपलब्ध हैं। एल0एम0ओ0 उपलब्ध नहीं है। • इकाई पर ए0एन0सी0 का कार्य मात्र गाइकोनालिजिस्ट द्वारा किया जा रहा है तथा ए0एन0सी0 के दौरान आवश्यक जाचें नहीं की जा रही है। इकाई पर ए0एन0सी0 रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं है। • इकाई पर ए0एन0सी0 हेतु कोई भी Source Document उपलब्ध नही है। • रैफरल आउट रजिस्टर ठीक प्रकार से मैन्टेन/अपडेट नहीं किया जा रहा था।	परिसर को स्वच्छ एवं अनुकुल बनाये जाने हेतु सुझाव दिया गया। जे0एस0वाई0 रजिस्टर मानकानुसार बनाये जाने तथा लम्बित भुगतान शीघ्र किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जे0एस0वाई0 वार्ड में शौचालय को साफ तथा व्यवस्थित किया जाना अपेक्षित है। चिकित्सा इकाई पर ए0एन0सी0 में की जा रही लापरवाही पर आपत्ति व्यक्त की गयी तथा ए0एन0सी0 की जांचें सुचारू रूप से कराये जाने का प्रबंधन तथा रिकार्ड हेतु निर्धारित रजिस्टर के उपयोग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बी0एच0टी0/केस शीट शीघ्र उपलब्ध कराते हुए उपयोग करने का सुझाव दिया गया। रैफरल आउट रजिस्टर	प्रभारी चिकित्साधिकारी /बी0पी0एम0/ बी0ए0एम0

Scanned by CamScanner

अवलोकित बिन्दु	सुझाव/अपेक्षित कार्यवाही	जिम्मेदार व्यक्ति
	नियामुनसार मैन्टेन किया जाए।	
• 30 वी0एच0एन0डी0 सत्रों हेतु 02 गाड़ियों के माध्यम से ए0वी0डी0 किया जा रहा है।	आवश्यकतानुसार ए0वी0डी0 प्रबंधन का सुझाव दिया गया।	प्रभारी चिकित्साधिकारी /बी0पी0एम0
• इकाई पर एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर अपलोड किये जाने वाले आकड़ों का सत्यापन सुचारू रूप से नहीं किया जा रहा है तथा कई आकड़ों के Source Document उपलब्ध नही है। • वैलिडेशन कमेटी की बैठक में विस्तृत चर्चा भी नहीं की जा रही है।	बी0पी0एम0 को स्वास्थ्य कार्यों में रूचि दिखाने हेतु निर्देशित किया गया।	प्रभारी चिकित्साधिकारी /बी0पी0एम0

यू0एच0एन0डी0– मातापुर, धोबियाना गली

ए0एन0एम0– श्यामलता

अवलोकित बिन्दु	सुझाव/कार्यवाही जो की जानी है।	जिम्मेदार व्यक्ति
• ए0एन0एम0 के पास माइक्रोप्लान उपलब्ध नहीं था।	माइक्रोप्लान की प्रति उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।	प्रभारी चिकित्साधिकारी /अर्बन कोआर्डिनेटर/ ए0एन0एम0
• सत्र पर वैक्सीन कैरियर मे मौजूद आईस पैक की कन्डीशनिंग नहीं किया गया था।	आईस पैक की कन्डीशनिंग कराने हेतु निर्देशित किया गया।	
• अरबन क्षेत्रों मे यह भ्रांति पाई गई कि, माह में आयोजित सत्रों में 4 सत्रों को यू0एच0एन0डी0 तथा 04 सत्रों को आर0आई0 सत्र की तरह आयोजन किया जा रहा है।	भ्रांति को दूर करते हुए भविष्य में ऐसी भ्रांतियां न फैलाने का सुझाव दिया गया।	
• एम0सी0पी0 कार्ड तथा बुलावा पर्ची का काउन्टर फॉयल का प्रबंधन ए0एन0एम0/आशा द्वारा नहीं किया जा रहा है।	काउन्टर फॉयल के प्रबंधन हेतु निर्देशित किया गया।	
• आयोजित सत्र के पहले दिये गये बुलावा पर्ची के काउन्टर फॉयल उपलब्ध नहीं थे, पूर्व में दिये गये बुलावा पर्ची से ड्यू लिस्ट में उल्लिखित बच्चों में भिन्नता पाई गई।		
• समय से टीके लगवाने पर पूर्ण प्रतिरक्षित होने के उपरान्त अभिभावकों को Immunization Certificate दिया जा रहा है।	Immunization Certificate दिये जाने पर प्रशंसा की गई।	

यू0पी0एच0सी0 – मातापुर

• यू0पी0एच0सी0 पर कोई भी साइनेज तथा बोर्ड उपलब्ध नहीं था।	साइनेज तथा बोर्ड लगाया जाना है।	प्रभारी चिकित्साधिकारी /अर्बन कोआर्डिनेटर
• यू0पी0एच0सी0 पर आई0यू0सी0डी0 insertion का कार्य किया जाता है परन्तु उपकरणों के स्टर्लाइजेशन की व्यवस्था नहीं है।	स्टर्लाइजेशन की व्यवस्था की जानी है।	
• आयोजित सत्रों की वायल्स को बोरियों में भरकर स्टोर किया जा रहा है।	बी0एम0डब्ल्यू0 को फालोअप कर Used	

Scanned by CamScanner

अवलोकित बिन्दु	सुझाव/अपेक्षित कार्यवाही	जिम्मेदार व्यक्ति
• अर्बन क्षेत्रों में आयोजित सत्रों पर ए0एन0एम0 द्वारा नोडल्स को मानकानुसार निष्पादन नहीं किया जा रहा है। संज्ञान में आया है कि कटी हुई सुईयों को अर्बन क्षेत्रों के कचड़ों में फेंका जा रहा है, जिस पर आपत्ति व्यक्त की गई तथा बी0एम0डब्ल्यू0 हेतु दिये गये पंचर प्रूफ डिब्बों का इस्तेमाल का सुझाव दिया गया। • यू0पी0एच0सी0 पर ओ0पी0डी0 तथा आवश्यक जांचें किये जाने हेतु सुझाव दिया गया।	vials के निष्पादन का सुझाव दिया गया। अर्बन कोआर्डिनेटर एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी को कटी हुई सुईयों को मानकानुसार निष्पादित कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।	
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र–रेहटी एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जलालपुर		
• सी0एच0सी0 रेहटी 5 माह पूर्व ही क्रियान्वित किया गया है। अधिकांश प्रसव ब्लाक पी0एच0सी0– जलालपुर पर किया जा रहा है। अधिक्षक महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि धीरे–धीरे सेवाओं को सी0एच0सी0 पर शिफ्ट किया जा रहा है। • सी0एच0सी0 रेहटी में साफ–सफाई संतोषजनक पाई गई। • सी0एच0सी0 रेहटी के अन्तर्गत 04 पी0एच0सी0 तथा 22 उपकेन्द्र हैं तथा कोई भी उपकेन्द्र रिक्त नहीं है। • कोल्ड चेन प्वान्इट ब्लाक पी0एच0सी0 पर स्थापित है।	सी0एच0सी0 रेहटी में साफ–सफाई का कार्य भविष्य में भी सुचारू रूप से कराते रहने का सुझाव दिया गया।	प्रभारी चिकित्साधिकारी /बी0पी0एम0
• संज्ञान में आया है कि रात में तथा अवकाश के दिनों में हुई डिलीवरी को बर्थ डोज से कुछ बच्चे वंचित रह जा रहे है।	रात में तथा अवकाश के दिनों में हुई समस्त डिलीवरी हेतु बर्थ डोज के प्रबंधन हेतु सुझाव दिया गया।	
• सी0एच0सी0 रेहटी पर 02 अतिरिक्त पी0एच0सी0 से एल0टी0 को 03–03 दिवसों हेतु सम्बध किया गया है। • हीमोग्लोबिन की जांच Talquist Paper से की जा रही है। • सी0एच0सी0 रेहटी के परिसर में लगे स्पीकरों के माध्यम से स्वास्थ्य से सम्बन्धित जागरूकता संदेश एवं क्लिप्स चलाकर जागरूकता फैलाई जा रही है।	चिकित्सा इकाईयों पर हीमोग्लोबिन की जांच Talquist Paper से किये जाने पर आपत्ति व्यक्त की गई तथा हिमोग्लाबिनों मीटर के उपयोग किये जाने का सुझाव दिया गया।	
• जे0एस0वाई0 का वर्ष 2019–20 के दौरान माह अप्रैल, 2019–जनवरी, 2020 तक 252 केसों का भुगतान लम्बित है तथा वर्ष 2018–19 के 24 केसों का भुगतान लम्बित है।	जे0एस0वाई0 का लम्बित भुगतान शीघ्र किया जाने हेतु निर्देशित किया गया।	

Scanned by CamScanner

अवलोकित बिन्दु	सुझाव/अपेक्षित कार्यवाही	जिम्मेदार व्यक्ति
वी0एच0एन0डी0– नेवादा, सी0एच0सी0 रेहटी, ब्लाक जलालपुर **ए0एन0एम0– शोभालता**		
• सत्र पर बैनर उपलब्ध नहीं था। • सत्र पर ए.एन.एम. के पास माइक्रोप्लान, ड्यू लिस्ट, आर0सी0एच0 रजिस्टर इत्यादि उपलब्ध नहीं थे। • सत्र बारात घर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पर्याप्त जगह व कमरे उपलब्ध हैं, परन्तु ए0एन0सी0 हेतु पृथक जगह नहीं बनाई गई है। • सत्र स्थल पर ए.एन.एम. के पास Measuring Tape, Weighing Machine, Glucometer, MUAC Tape इत्यादि सामग्री उपलब्ध नहीं थे, जिससे ए0एन0सी0 तथा कुपोषण की Screening नहीं की जा रही है। • सत्र पर 02 आशाएं उपस्थित थीं– श्रीमती सावित्री तथा राकेशर। आशाओं के पास ट्रेकिंग बुकलेट तथा अपडेटेड ड्यूलिस्ट उपलब्ध थीं। आशाओं द्वारा मोबिलाइजेशन का कार्य किया जा रहा था। आशा डायरी पूर्ण नहीं पाई गई। • आशाओं को ट्रैकिंग बैग जनपद स्तर से उपलब्ध करा दिया गया है। • एम0सी0पी0 कार्ड तथा बुलावा पर्ची का काउन्टर फॉयल का प्रबंधन ए0एन0एम0/आशा द्वारा नहीं किया जा रहा है। • सत्र पर सुपरवाइजर कमलेश यादव उपस्थित थे परन्तु सत्र सुपरविजन के दौरान कोई भी कमी इंगित नहीं की जा रही थी।	सत्र आयोजन के दौरान ए0एन0एम0 को उपलब्ध कराये गये बैनर लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बिन्दुओं को प्रभारी चिकित्साधिकारी रेहटी के संज्ञान में लाया गया तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा सम्बन्धित ए0एन0एम0 को स्वास्थ्य कार्यों में रूचि लेते हुए अपने क्षेत्रों के वी0एच0एन0डी0 के दौरान प्रदान की जाने वाली समस्त सेवाऐं उपलब्ध कराऐ जाने हेतु निर्देशित किया गया। ब्लाक के समस्त सुपरवाइजरों को सुपरविजन हेतु अभिमुखीकरण कराये जाने का सुझाव दिया गया।	प्रभारी चिकित्साधिकारी /बी0पी0एम0
जिला महिला चिकित्सालय, जौनपुर		
अवलोकित बिन्दु	**सुझाव/कार्यवाही जो की जानी है।**	**जिम्मेदार व्यक्ति**
• जिला महिला चिकित्सालय परिसर में नवनिर्मित **MCH WING** में चिकित्सालय की प्रयोगशाला स्थानान्तरित की गयी है तथा प्रसव कक्ष का स्थानान्तरण विगत कई माह से लंबित है। • प्रसव कक्ष में निर्धारित प्रसव रजिस्टर उपलब्ध नहीं था। • परिसर में पार्किंग अव्यवस्थित पायी गई। • परिसर में टीकाकरण कक्ष में टीकाकरण हेतु आये समस्त लाभार्थियों से रू0 20/– शुल्क अवैध रूप से लिया जा रहा	प्रसव कक्ष को नवनिर्मित **MCH WING** में शीघ्र स्थानान्तरण किया जाना है। सी0एम0ओ0 आफिस से समन्वय कर निर्धारित प्रसव रजिस्टर उपलब्ध कराया जाना है। व्यवस्थित पार्किंग कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला महिला चिकित्सालय में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा अवैध रूप से शुल्क लिए	मुख्य चिकित्सा अधीक्षिक एवं मुख्य चिकित्साधिकारी

Scanned by CamScanner

अवलोकित बिन्दु	सुझाव/अपेक्षित कार्यवाही	जिम्मेदार व्यक्ति
था। • एम0सी0एच0 विंग में स्थापित एच0आई0वी0 जांच केन्द्र पर एच0आई0वी0 जांच के लिए रू0 20/– शुल्क अवैध रूप से लिया जा रहा था।	जाने पर आपत्ति व्यक्त की गयी तथा हेल्प डेस्क मैनेजर द्वारा पीड़ित लाभार्थी का लिखित शिकायत भी दर्ज की गयी, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा उचित कार्यवाही अपेक्षित है।	
दिनांक 20.02.2020 को कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय, जौनपुर के साथ बैठक कर भ्रमण के दौरान पाये गये बिन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा अपेक्षित कार्यवाही हेतु अनुरोध किया गया।		

दिनांक 19.02.2020 को कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद–जौनपुर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में भ्रमण किये गये केन्द्रों की कार्यक्रमों से सम्बन्धित गतिविधिवार सुधारात्मक बिन्दुओं पर की गयी चर्चा, लिए गए निर्णय एवं इकाई स्तर पर कियान्वित करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही पर चर्चा की गयी। बैठक में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजर, जिला लेखा प्रबन्धक भी उपस्थित थे।

(वेद प्रकाश त्रिपाठी)
कार्यक्रम समन्वयक

(डा0 अर्पित श्रीवास्तवा)
परामर्शदाता

Scanned by CamScanner